27.04.2025

7:20 AM

आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सैंतालीस शहरों में बांटे इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र। कहा– अपनी मेहनत और नवाचार दुनिया को दिखा रहे देश के युवा।
- प्रधानमंत्री आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में साझा करेंगे अपने विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा सीधा प्रसारण।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी में बाढ़ नियंत्रण के कार्यों का किया निरीक्षण। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए बोले मुख्यमंत्री–आतंकवादियों को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जवाब देगा भारत।
- पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने राज्य में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने के दिए निर्देश।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले के तहत लखनऊ, प्रयागराज और कानपुर समेत देशभर के सैंतालीस स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं।

***आप का दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है। आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रेक्चर निर्माण का है। आपका दायित्व श्रमिकों की जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। अपने कार्यों को आप जितनी ईमानदारी से पूरा करें उसका उतना ही सकारात्मक प्रभाव विकसित भारत की यात्रा में नजर आयेगा।***

प्रधानमंत्री ने मुंबई में आयोजित होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स–दो हजार पचीस का ज़िक्र करते हुए कहा कि कि इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं।

***कुछ ही दिन बाद मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट यानी वेव्स 2025 का आयोजन होने जा रहा है। मीडिया, गेमिंग और एंटरटेनमेंट फील्ड के इनोवेटर्स के लिए यह प्रतिभा दिखाने का अभूतपूर्व अवसर है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म होगा, जहां एंटरटेनमेंट से जुड़े स्टार्टअप्स को इन्वेस्टर्स और इंडस्ट्रियल लीडर से जुड़ने का मौका मिलेगा।***

कल आयोजित रोजगार मेले के अन्तर्गत केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लखनऊ में, केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने प्रयागराज में और केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कानपुर में नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे।

**********

प्रधानमंत्री आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखीमपुर खीरी के पलिया क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण को लेकर चल रहे शारदा नदी के चैनलाइजेशन के काम का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न जन–कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अनुदान, ऋण और आवास की चाबी भी सौंपी। कार्यक्रम से पहले उन्होंने पहलगाम में जान गंवाने वालों लोगों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत जवाब देने के लिए नया भारत तैयार है।

***सभ्य समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हो सकती, अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार की सुरक्षा, सेवा और सुशासन का जोमॉडल है, वो अब विकास पर आधारित है, गरीब कल्याण पर आधारित है और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। लेकिन अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा, तो उसके लिए जीरो टॉलेंस की नीती के तहत उसको जिस भाषा में समझेगा उस भाषा में उसका जवाब देने के लिए आज ये नया भारत तैयार है।***

27.04.2025

7:20 AM

लखीमपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने दुधवा टाइगर रिजर्व का भी निरीक्षण किया और विशिष्ट कार्य करने वाली थारू समाज की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर दुधवा टाइगर रिजर्व में समीक्षा बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ से बचाव की सभी तैयारियां दस जून से पहले पूरी कर ली जाएं। उन्होंने वन्य जीव और मानव के बीच संघर्ष रोकने के लिये ग्रामीणों को प्रशिक्षित करने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज हापुड़ में गंगा एक्सप्रेस–वे और गंगा पुल का निरीक्षण करेंगे।

**********

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने दीर्घावधि, राजनयिक और आधिकारिक वीजा को छोड़कर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वीजा रद्द कर दिये हैं। इस बीच प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सभी जनपदों से पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित करने और उन्हें वापस भेजने के निर्देश दिये है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की अन्तिम तिथि आज सत्ताइस अप्रैल तक निर्धारित है। उधर, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में कल भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शनों का दौर जारी रहा।

**********

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल लखनऊ विश्वविद्यालय में एक राष्ट्र–एक चुनाव पर आयोजित संगोष्ठी में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के लोग एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में हैं और यह कदम देशहित में है।

***मैं पूरे विश्वास से साथ कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का एक देश एक साथ पांच वर्षों में चुनाव कराना का संकल्प निश्चित तौर पर सफल होगा, देश चाहता है, देश का समर्थन है और जो लोग विरोध कर रहे हैं उनको भी एक दिन देश की आवाज को सुनकर के समर्थन में आना पड़ेगा।***

**********

भारत ने पिछले दस वर्षों में सत्रह करोड़ दस लाख से अधिक लोगों को अत्यधिक गरीबी रेखा से सफलतापूर्वक बाहर निकाला है। विश्व बैंक की स्प्रिंग दो हजार पचीस गरीबी और समानता रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी रेखा से बाहर आने वाले लोगों में सबसे अधिक दो–तिहाई लोग उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश से रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने विशेष रूप से दो हजार इकीस–बाइस से रोजगार वृद्धि में सकारात्मक रुझान देखा है।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडएट की परीक्षा–दो हजार पचीस का परिणाम जारी करने के बाद बोर्ड ने परीक्षार्थियों को स्क्रूटनी का मौका दिया है। स्क्रूटनी के लिये परीक्षार्थी उन्नीस मई तक यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के लिये परीक्षार्थी को पांच सौ रूपये प्रति प्रश्नपत्र की दर से लिखित और प्रयोगात्मक के लिये अलग–अलग शुल्क जमा करना होगा।

**********

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसी वर्ष से कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरूआत किये जाने की घोषणा की है। कोविड महामारी के दौरान बन्द की गयी यह यात्रा पांच साल बाद शुरू होगी। यह यात्रा जून से अगस्त के दौरान होगी। इस साल सात सौ से अधिक यात्रियों को मानसरोवर यात्रा करने का अवसर मिलेगा। यात्रा के लिये पचास–पचास यात्रियों के कुल पन्द्रह जत्थे भेजे जायेंगे।

**********

रामनगरी अयोध्या में स्थित प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी की सदियों पुरानी परम्परा अक्षय तृतीया के दिन, तीस अप्रैल को टूटेगी। हनुमागढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास इस दिन शोभायात्रा के साथ श्रीराम मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर हनुमानगढ़ी की तरफ से रामलला को छप्पन भोग भी अर्पित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि हनुमागढ़ी के इतिहास में बावन बीघा के बाहर कोई भी गद्दीनशीन महंत अभी तक नहीं जा सकता था।

**********

तीस अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर वृन्दावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी के चरण दर्शन होंगे। यह चरण दर्शन वर्ष में एक बार ही होते हैं। इस अवसर पर ठाकुर जी को इक्यावन किलोग्राम चन्दन अर्पित किया जायेगा। अक्षय तृतीया पर चरण दर्शन के लिये उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए प्रशासन सुरक्षा की व्यापक तैयारियों में जुटा हुआ है।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्से में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, मऊ,  देवरिया, गोरखपुर समेत आसपास के ज़िलों में कल ओलावृष्टि होने का भी अनुमान है। वहीं कल प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

**********